06 जयस संगठन, भीमसेना का विरोध प्रदर्शन, चिचोली बंद...



08 कलेक्टर ने मूंग उपार्जन से जुड़े वेयर हाउसों का...



### वर्ष 2023 में 16 क्विंटल प्रति हे.हुई और अब मात्र 8 क्विंटल हेक्टेयर हो रही खरीदी

# मूंग खरीदी की नई नीति के विरोध में किसानों का धरना प्रदर्शन 8 को

ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी नीति से नाराज किसानों ने सरकार से 16 क्विंटल प्रति हेक्टेयर खरीदी की मांग को लेकर 8 जुलाई को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। भारतीय किसान संघ ने सरकार से मांग की है कि किसानों से प्रतिदिन करीब 25 क्विंटल मूंग खरीदी केन्द्रों पर कराने के निर्देश देने की मांग भी की है।




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एक ओर जहां केन्द्र और राज्य सरकार किसानों के हित और उन्नत कृषि को बढ़ावा देने का दावा कर रहे हैं तो वहीं किसान ग्रीष्मकालीन मूंग के उपार्जन के लिए अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन फसल के उपार्जन के लिए बनाई गई नीति किसानों के हित में नजर नहीं आ रही है। सरकार के इस रवैये से नाराज नर्मदापुरम जिले के किसानों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं को हल करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि सरकार द्वारा मूंग खरीदी की नीति में बदलाव नहीं किया गया तो 8 जुलाई को जिला मुख्यालय के पीपल चौक पर धरना प्रदर्शन कर सरकार की नीतियों का विरोध किया जाएगा। हालाकि भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि किसानों की समस्याओं को प्रदेश सरकार तक पहुंचाकर समाधान कराया जाएगा। फिलहाल जिले के किसान मूंग खरीदी की नई नीति से असंतुष्ट नजर आ रहे हैं।

### 16 क्विंटल प्रति हेक्टेयर खरीदी करे सरकार

भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में सरकार द्वारा जो ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य खरीदी नीति जारी की गई है। उसमें वर्ष 2023 की तुलना में काफी अंतर है। भारतीय किसान संघ के शिवमोहन सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 में किसानों से प्रति हैक्टेयर 16 क्विंटल मूंग की खरीदी की गई थी। वहीं नई नीति 2024-25 में इसे घटाकर मात्र 8 क्विंटल प्रति हैक्टेयर खरीदी की जा रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि गत वर्ष की नीति जिलावार तय मापदण्ड के अनुसार 16 क्विंटल प्रति हैक्टेयर खरीदी की जाए। वहीं उन्होंने कहा कि वर्तमान मूंग खरीदी नीति में किसानों का तौल भी बड़े फ्लेट कांटो से किया जाए। जिस तरह व्यापारी एवं वेयर हाऊस मालिकों की उपज की तौल बड़े फ्लेट कांटों से किया जाता है। इसी तरह वर्तमान नीति में प्रत्येक किसान से 25 क्विंटल प्रतिदिन खरीदी की जा रही है उसे बढ़ाकर 40 क्विंटल खरीदी प्रतिदिन की जाए जिससे किसानों को खरीदी केन्द्र पर बार-बार आना जाना नहीं पड़ेगा।

### मांगे नहीं मानी तो होगा अनिश्चित कालीन धरना

भारतीय किसान संघ के संभाग अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पटैल, संभाग संगठन मंत्री दिनेश शर्मा, संभाग प्रवक्ता शिव मोहन सिंह, जिला मंत्री रजत दुबे ने बताया कि यदि सरकार द्वारा किसानों से पिछले वर्ष की भांति समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी नहीं की जाती है तो 8 जुलाई को भारतीय किसान संघ द्वारा जिला मुख्यालय स्थित स्थानीय पीपल चौक पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने सरकार से किसान हित में मूंग खरीदी की नीति संशोधित करने और किसान हित में खरीदी कराने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में भारतीय किसान संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सूरज बली जाट, संभाग बिजली प्रभारी ओमप्रकाश उपाध्याय, लखनलाल चौधरी, संजय लौवंशी, श्रीराम दुबे, ललित चौहान, ओंकार सिंह राजपूत, जितेन्द्र सिंह राजपूत, शंकर सिंह पटेल, रामेश्वर जाट, राधाकृष्ण मालवीय, राजेश दीवान, श्यामशरण तिवारी आदि मौजूद रहे।

# साइबर सेल ने एलआईसी अधिकारी से हुई ठगी में खातों को किया फ्रीज

### पुलिस ने किया केस दर्ज, कार्रवाई जारी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

देशभर में साइबर क्राइम के माध्यम से अपराधियों द्वारा बड़ी मात्रा में लोगों से ठगी का कार्य किया जा रहा है। हालाकि सरकार द्वारा समय-समय पर नागरिकों को ठगी का शिकार न होने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। इसके बावजूद भी नर्मदापुरम में विगत दिनों फरियादी को लालच का झांसा देकर साइबर अपराधियों द्वारा ठगी कर ली गई है। जिसकी शिकायत फरियादी ने थाने में दर्ज कराई।

साइबर सेल नर्मदापुरम ने आवेदक के बैंक खाते से आनलाईन ट्रांसफर हुए रुपयो को अनावेदक के खातों में कराया फ्रीज कुल 90 लाख 3 हजार 3 सौ 49 रुपये फ्रीज कराये गये । शिकायतकर्ता ऋषि कुमार शर्मा पिता योगेन्द्र पाल शर्मा निवासी विक्रम नगर रसूलिया, नर्मदापुरम के द्वारा एक शिकायत की गई।

जिसमें बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा अज्ञात मोबाईल नंबरों से एक वाट्सएप ग्रुप के जरिये शेयर मार्केट में नए आईपीओ आने पर उसे होल्ड कराकर दाम बढने पर उसे बेचने के बारे में बताया गया। जिससे उसे शुरुआत में 5 लाख रु शिकायतकर्ता के खाते में अनावेदक द्वारा लालच देने के लिए ट्रांसफर किये गए। ट्रेडिंग के माध्यम से बड़े लाभ का झांसा देकर एफएलवन एप डाउनलोड कराकर ऑनलाइन 1,68,878,000 रू. की ठगी एवं धोखाधड़ी करने संबंधी शिकायत की गई।

जिसमें सायबर सेल नर्मदापुरम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक स्टेटमेंट के आधार पर एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड की गई। जिसके माध्यम से अनावेदकों के खातों में कुल 90,03,349/- रुपये फ्रीज कराये गये। उक्त राशि को आवेदक के खाते में वापिस कराने की कार्यवाही नर्मदापुरम पुलिस द्वारा की जा रही है। उक्त सराहनीय कार्य में सायबर सेल में पदस्थ आर. संदीप यदुवंशी, आर. अभिषेक नरवरिया, दीपेश सोलंकी की भुमिका रही।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण 2024

**नर्मदापुरम।** नगर पालिकाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण 2024 की तैयारी हेतु प्रक्रिया एवं समय सारणी निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार की जाना है। डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम असवन राम चिरामन ने बताया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण-2024 हेतु प्रक्रिया एवं कार्यक्रम जारी किया गया है। चिरामन ने जिले के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नगर पालिका एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारियों सहित तहसीलदार बनखेड़ी, सोहागपुर एवं माखननगर को अवगत कराया है कि प्राप्त कार्यक्रमानुसार नगर पालिका की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षणका कार्य समयावधि मे निर्वाचन आयोग द्वारा जारी करें।

# सीएम हेल्पलाइनः लापरवाही को लेकर थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणो का 50 दिन में भी निराकरण न करने पर बनखेड़ी के तहसीलदार दीव्यांशु नामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि तहसीलदार श्री नामदेव तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

समयावधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत न करने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 24 जून को समय सीमा की बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा मे पाया गया कि तहसील बनखेड़ी की 50 दिवस की कुल 318 शिकायतें लंबित हैं। बैठक में तहसीलदार नामदेव को कलेक्टर ने निर्देश दिये थे कि वे प्रतिदिन 20 शिकायतों में स्पेशल क्लोज किये जाने हेतु प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करे।

उक्त निर्देशों के परिपालन में तहसीलदार ने मात्र 34 शिकायतों के प्रस्ताव भेजे। इससे प्रतीत होता है कि उनके द्वारा सी.एम.हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है एवं सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में कोई रुचि नहीं ली जा रही है, जो कि अत्यंत खेदजनक है। उनका उक्त कृत्य शासकीय कार्य में लापरवाही प्रदर्शित करता है।

# संयुक्त संचालक ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण, ली कई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम एच० के० शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। श्री शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्र रोहना क्रं०-1 एवं 2 तथा अंधियारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन एवं हितग्राहियों को प्रदाय की जा रही आईसीडीएस की सेवाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी ली गई। उन्होंने विभागीय संपर्क एवं पोषण ट्रैकर एप में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा दर्ज की जा रही विभिन्न जानकारियों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को नियमित रूप से निर्धारित समय पर आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने, आंगनबाड़ी केन्द्र की साफ-सफाई रखने एवं बच्चों को निर्धारित मीनू अनुसार समय पर गर्म ताजा पका नाश्ता/ भोजन प्रदाय करने तथा समस्त पात्र हितग्राहियों को आईसीडीएस एवं विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु निर्देशित दिये। उन्होंने संपर्क एप में प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण में पाया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्र रोहना क्रमांक-1 वर्तमान में शासकीय स्कूल के अतिरिक्त कक्ष में संचालित हो रहा है जो कि जीर्ण शीर्ण है, विद्युत व्यवस्था भी नहीं है तथा हितग्राहियों के सर्वे क्षेत्र से काफी दूर है। सर्वे क्षेत्र के अंदर ही आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित कराये जाने की कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये। आंगनबाड़ी केन्द्र रोहना क्रमांक-1 का भवन का निर्माण कार्य लगभग 06 वर्षों से अपूर्ण है। निर्माण एजेन्सी से समन्वय स्थापित कर शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

# विधायक प्रतिनिधि ने किया मालाखेड़ी क्षेत्र का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सीएमओ हेमेश्वरी पटले और विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, वार्ड पार्षद जीतू तिवारी द्वारा वार्ड नंबर 8, 10, 11 का निरीक्षण किया। वार्ड नंबर 11 में बारिश और नाली के पानी से जलभराव के कारण स्थानीय लोगों को समस्या हो रही थी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती पटले द्वारा तत्काल निर्देश देकर पानी निकासी की व्यवस्था की गई। जल भराव की समस्या का समाधान हो जाने के बाद स्थानीय नागरिकों ने नगरपालिका की टीम का आभार व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव के साथ 10 वार्ड पार्षद दौलत यादव, 8 वार्ड से जीतू तिवारी, 11 वार्ड पार्षद गणेश बाबरिया उपस्थित थे। वार्डवासियों से चर्चा की। साथ ही वार्ड को स्वच्छ रखने हेतु कचरे को उचित स्थान पर ही एकत्रित करने और कचरे गाड़ी में ही डालने की अपील की।

# अब तक जिले में 153.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई

### सेठानी घाट का जलस्तर 934 फीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिल में पिछले दिनों से हो रही रूक रूककर वर्षा से मौसम का मिजाज खुशनुमा हो गया है। पिछले दो दिनों से सूर्यदेव की लुकाछिपी से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक जिले में 1 जून 2024 से आज दिनांक 5 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक जिले में 153.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 137.8 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 5 जुलाई 2024 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 2.8 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में निरंक, इटारसी मे निरंक, माखननगर में निरंक, सोहागपुर में 4.2, पिपरिया में 2.0 , बनखेड़ी 5.2, पचमढ़ी में 1.6 एवं डोलरिया तहसील में निरंक मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि मानसून की वर्षा सतत जारी है। इसके चलते नर्मदा नदी एवं विभिन्न जलाशयों में भी जलस्तर में वृद्धि हो रही है। वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 934 फीट है, तवा जलाशय का 1120.40 फीट है, बरगी जलाशय का 409.25 मीटर एवं बारना जलाशय 343.8 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

### मोहर्रम पर होंगे आयोजन

**नर्मदापुरम।** इमाम हुसैन की याद में मनाया जाने वाला मुहर्रम पर्व का चाँद नज़र आते बड़ी सवारी बड़ी बजरिया मे आगामी 7 तारीख़ से अनेको आयोजन होंगे ज्ञात हो की मुस्लिम समाज की आस्था के प्रतीक पैग़ंबर मुहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की क़र्बला के मैदान मे हक़ और सच के लिए असत्य के खिलाफ लड़ते हुए दी गयी शहादत जो दुनिया को इंसानियत और अहिंसा का पैगाम दे गयी। मुस्लिम समुदाय बड़ी अक़ीदत के साथ मोहर्रम मे मौला हुसैन को याद करते हुए उनके नाम पर अनेको कार्यक्रम आयोजित करता है। माहे मुहर्रम की चाँद रात से लेकर 10 मोहर्रम तक होने वाले तमाम आयोजनों को लेकर आज आज़ाद इस्लामिया कमेटी बड़ी सवारी द्वारा एक बैठक मुन्तखब की गयी कमेटी के सदर गुलाम मुस्तफ़ा ने बताया की चाँद रात को आग़ाज़े मोहर्रम पर बड़ी सवारी पर अलम (ध्वज) पेश होने के साथ शिरीन पेश की जाती है।

# समय पर स्कूल नहीं पहुंचे तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जेपी यादव ने केसला विकासखंड के हाई स्कूल सोमालवाढ़ा खुर्द, एकलव्य विद्यालय केसला भरगदा, आश्रम शाला पोड़ार का निरीक्षण किया। यादव प्रातः 10:20 बजे हाई स्कूल सोमलवाड़ा पहुंचे, विद्यालय की प्रार्थना सभा मे शामिल हुए, उस समय तक केवल 2 शिक्षक एवं एक भृत्य उपस्थित पाए गए। प्राचार्य बालाराम लोहिया तथा शिक्षक तथा 12 मे से 10 शिक्षक समय पर उपस्थिति नहीं मिले। अनुपस्थित कर्मचारियों को मौके पर ही कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर तीन दिन मे जवाब प्रस्तुत करनें के लिए निर्देश दिए। यादव ने विद्यालय मे विद्यार्थियों की उपस्थिति, पुस्तक वितरण, कक्षाओं के संचालन, बच्चों की उपस्थिति पंजी, छात्रवृति वितरण, साफ सफाई की समीक्षा की गई। विद्यालय परिसर तथा क्लास रूम गंदे पाए जाने पर नाराज़ी व्यक्त कर तत्काल सफाई के निर्देश दिए। इस विद्यालय का हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 33% रहा। ख़राब परिणाम वाले प्राचार्य और शिक्षकों पर कार्यवाही होगी।

यादव ने एकलव्य विद्यालय भरगदा पहुंचकर नवनियुक्त शिक्षको से चर्चा की और मार्गदर्शन दिया। शिक्षकों को डिसिप्लिन्ड, एक्टिव, क्रिएटिव और इनोवेटिव, होने के लिए कहा। पढ़ाई को रोचक बनाने पर जोर दिया। नव निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर इसमे विद्युत कनेक्शन करवाने के निर्देश दिए। पूर्व सूचना के बावजूद प्राचार्य डी. पी. विश्वकर्मा अनुपस्थित पाए गए, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### औषधीय पौधे अवश्य लगाएं

# आरटीओ ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के साथ विभागीय दल, आरटीओ सलाहकार तथा बस ऑपरेटरों ने मिलकर नर्मदापुरम शहर में स्थित उत्तम कृषि केंद्र में पौधरोपण किए, पौधरोपण का मुख्य उद्देश्य शुद्ध हवा, शुद्ध जीवन दायिनी वायु के लिए जन मानस में जागरूकता लाना रहा, विभिन्न प्रकार के फल दायक, छाया दार, तथा औषधि दायक पौधों को लगाया गया, जिससे आने वाले समय में ये पौधे बड़े होकर लाभकारी बने, लगभग 35 पौधे लगाए गए, पौधरोपण कार्यक्रम के बाद वायु दूत एप में विभिन्न प्रजाति के पौधों की फोटो अपलोड की जिसमे उपसंचालक उद्यानिकी का विशेष सहयोग रहा, इस कार्यक्रम में आरटीओ अधिकारी निशा चौहान, उपसंचालक उद्यानिकी रीता उइके आर जे फौजदार संजू शिवहरेके साथ बड़ी मात्रा में प्रकृति प्रेमी शामिल रहे।

इस अवसर पर आरटीओ चौहान ने समस्त नागरिकों से कम से कम एक पौधा रोपित कर जीवन को स्वस्थ्य एवं बेहतर बनाने की बात कही है। पौधरोपण को अभियान बनाना चाहिए।

# आईटीआई फिल्टर प्लांट परिसर में हुआ पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत वार्ड 14 आईटीआई वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में भाजपा सोशल मीडिया विभाग एवं महिला मोर्चा नर्मदापुर मंडल ने परिजात, नीम के तीन पौधे रोपित कर वृक्ष बनाने का सांकल्प लिया। इस दौरान भाजपा सोशल मीडिया विभाग जिला संयोजक गजेंद्र चौहान, सह संयोजक राहुल ठाकुर, नमामि देवी प्रकल्प सयोंजिका वंदना दुबे, विधायक प्रतिनिधि वंदना शर्मा, मंडल अध्यक्ष चंचल राजपूत, मंडल महामंत्री आरती बेस, मंडल उपाध्यक्ष वंदना महतो, वार्ड पार्षद प्रेमा पांडे उपस्थित रही। वार्ड के वरिष्ठ नेता शिवराज तोमर ने स्वर्गवासी पत्नी राजकुमारी तोमर की स्मृति में गुलमोहर का पौधा रोपित किया।

### आर्थिक कल्याण योजना के लक्ष्य प्राप्त हुए

**नर्मदापुरम।** मप्र आदिवासी वित्त एवं विकास निगम, भोपाल से भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विभाग नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि लक्ष्य पूर्ति हेतु अनुसूचित जनजाति वर्ग की नर्मदापुरम जिले के पात्र आवेदक पर अपने आवेदन कर सकते हैं। बताया गया है कि भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के तहत कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। रहा हो, तो इस योजना के अन्तर्गत पात्र नहीं होगा। सिर्फ एक बार ही इस योजना के अन्तर्गत सहायता के लिए पात्र होगा। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य हो। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो। किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक वित्तीय संस्था/ सहकारी बैंक का चूककर्ता /अशोधी नहीं होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### नवमीं की छात्रा ने की आत्महत्या

**बैतूल** । कोतवाली थाना क्षेत्र के खेड़ी कनारा में 16 वर्षीय 9वीं की छात्रा ने सुसाइड कर लिया। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। अस्पताल पुलिस चौकी ने नाबालिग का पोस्टमार्टम करवाया है। घरवालों के पहुंचने पर उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसकी हालत लगातार नाजुक बनी रही। उसे आईसीयू में भी शिफ्ट किया गया, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। प्रभारी सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि छात्रा कल दोपहर करीब 12 बजे गंभीर हालत में लाई गई थी। वह बोल नहीं पा रही थी। इस वजह से छात्रा के मृत्यु पूर्व बयान भी दर्ज नहीं करवाए जा सके हैं। जिसके कारण उसकी मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक छात्रा के परिजन कल घर से कहीं बाहर गए हुए थे। इसी दौरान उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। जब उसे घबराहट महसूस हुई तो उसने पड़ोसियों को जहर खाने की बात बताई, जिसके बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई।

### पुलिस महानिरीक्षक ने किया पौधरोपण



**बैतूल**। हरित आवरण को बढ़ाने के प्रयास मे एवं जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के उद्देश्य से आईजी इरशाद वली द्वारा चौकी पाथाखेड़ा सारणी जिला बैतूल पहुंचकर शपुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया एवं स्टाफ के साथ वृक्षारोपण किया गया। इस उपलक्ष मे इरशाद वली द्वारा पौधरोपण का महत्व बताया गया की कैसे पौधरोपण कर हम इकोलॉजिकल बैलेंस, वायु की शुद्धता एवं बायोडायवर्सिटी को बनाए रख सकते है।

### हलहारिणी अमावस्या पर किया पौधरोपण



**बैतूल**। हलहारिणी अमावस्या पर शुक्रवार को नगर पालिका परिषद द्वारा सुभाष वार्ड स्थित रामवन में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान रामवन में लगभग 50 औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण कर उनकी देखभाल किए जाने का संकल्प लिया गया। तत्पश्चात जल संरक्षण के उद्देश्य से लोगों ने श्रमदान कर सीता कुण्ड के गहरीकरण का कार्य किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर ने कहा कि हलहारिणी अमावस्या पर पौधरोपण का शास्त्रों में विशेष महत्व है। यह हमे पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है, क्योंकि ये श्रावण मास में आती है और यह वर्षा ऋतु का समय होता है। इस ऋतु में निरंतर वर्षा होने से प्राकृतिक संतुलन बनता है। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष महेश राठौर, जि.योजना समिति सदस्य आनंद राठौर, पार्षदगण, नपा अधिकारी, कर्मचारी सहित ग्रीन टाईगर्स के सदस्य उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारी द्वारा पीड़ित आदिवासी युवक के साथ पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का विरोध

# जयस संगठन, भीमसेना का विरोध प्रदर्शन, चिचोली बंद, थाने का घेराव

**थाना प्रभारी को हटाए जाने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली से नाराज जयस संगठन, भीम सेना द्वारा शुक्रवार को चिचोली बंद का आह्वान कर विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी कर थाने का घेराव किया। जय स्तंभ चौक से लेकर नगर के मुख्य मार्ग से होकर बाजार चौक स्थित थाना परिसर तक बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता रैली लेकर थाने तक पहुंचे । यहां कई घटो धरने पर बैठने के बाद पुलिस अधीक्षक के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ।

आदिवासी युवक के साथ और सामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट के मामले में आरोपियों पर कार्यवाही एवं थाना प्रभारी के पक्षपात पूर्ण रवैया को लेकर थाना प्रभारी को हटाने की मांग-

जयस के जिला अध्यक्ष संदीप धुर्वे ने राज्यपाल मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एव एस.डी.एम. आरके कहार को प्रेषित ज्ञापन में बताया कि 30 जून दिन रविवार को बैतूल-इंदौर नेशनल हाईवे के खापा सोनपुर के समीप पिंटू ढाबे पर मिस्त्री का काम करने वाले राकेश भलावी पर चिचोली क्षेत्र के कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा कांच का गिलास को हथियार बनाकर जान से करने का प्रयास किया गया। पीड़ित पक्ष पर चिचोली थाना प्रभारी द्वारा पक्षपातपूर्ण कार्यवाही कर पीडीत पर भी मामला दर्ज कर लिया है। आदिवासी युवक के साथ भेदभावपूर्ण कार्यवाही को लेकर जयस संगठन ने नाराजगी जाहिर करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### प्राथमिकी रद्द की जाए

संगठन की प्रमुख मांगे यह है कि 30 जून को आदिवासी मजदूर राकेश भलावी के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों पर धारा 452 की कार्यवाही किये जाने तथा जान से मारने के प्रयास के विरूद्ध धारा 307 की कार्रवाई की जावे । आदिवासी पीड़ित राकेश भलावी पर जो द्वेषपूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी श्री हरिओर पटेल द्वारा की गई है उस पुलिस प्राथमिकी (ऋकफ) को तत्काल रद्द किया जावे। हरिओम पटेल थाना प्रभारी चिचोली तत्काल प्रभाव से निलंबित किये जाने की कार्रवाई की जावे । राकेश भलावी से मारपीट करने वाले आरोपियों के विरूद्ध तत्काल 24 घंटे के भीतर कार्रवाई की जाए। अवैध शराब पर रोक लगाई जावे। उपरोक्त दर्शित मांगो के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई किये जाने के सम्बंध में जयस, भीम सेना एवं अन्य समस्त सामाजिक संगठनों के साथ राजा धुर्वे जयस संरक्षक,संदीप कुमार धुर्वे जिलाध्यक्ष, रितिक परते उपाध्यक्ष, जामवंत सिंह कुमरे प्रदेश संयोजक, सुनिल करोचे, डोमा सिंह कुमरे, रामचरण इरपाचे जिला पंचायत सदस्य, दिलीप पन्द्राम, सोनू धुर्वे, सोनू मासोदकर पंकज अतुलकर सहित संगठन के लोग मौजूद रहे।

## सड़कविहीन गांव की हकीकत

# महिला को प्रसव के बाद खाट पर 7 किमी ले जाना पड़ा सड़क तक



**बैतूल**। जिले के भीमपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत चिल्लौर के ग्राम भयपुर में एक महिला को प्रसव के बाद भीमपुर शासकीय अस्पताल ले जाने के लिए खटिया पर 7 किलोमीटर तक ले जाना पड़ा। यह घटना भाजपा के विकास के दावों की पोल खोलती है, जहां जिले के पांच विधायक और एक सांसद होने के बावजूद यह स्थिति बनी हुई है।

बैतूल जिले के भीमपुर ब्लॉक के चिल्लौर के पास भवानीपुर ग्राम में प्रसव के दौरान सोनाए बाई नामक महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया। भारी बारिश के चलते सभी रास्ते बंद हो गए थे, जिसके कारण गांव की महिलाओं ने मिलकर घर पर ही उसका प्रसव कराया। महिला और उसके नवजात शिशुओं को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस बुलाने का प्रयास किया गया, लेकिन गांव तक पक्की सड़क न होने के कारण एंबुलेंस वहां नहीं पहुंच सकी। अंततः ग्रामीणों ने लकड़ियों और खटिया की सहायता से महिला को कंधे पर उठाकर 7 किलोमीटर तक चलकर चिल्लौर पहुंचाया, जहां से उसे एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई। भीमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद महिला को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। यह दूसरी बार है जब भवानीपुर गांव में इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हुई है। गांव में पक्की सड़क न होने के कारण पहले भी कई बार माताओं और बच्चों को जान गंवानी पड़ी है।

### झूठे विकास का आईना दिखा रही यह तस्वीर

यह घटना भाजपा सरकार के विकास के खोखले वादों का सच सामने लाती है। सरकार जहां एक ओर विकास के ढोल पीट रही है, वहीं दूसरी ओर बैतूल जिले में विकास की यह तस्वीर सरकार को उनके झूठे विकास का आईना दिखा रही है। इस घटना ने एक बार फिर से यह सवाल खड़ा किया है कि क्या सच में विकास का लाभ गांवों तक पहुंच पा रहा है?

# पीड़ितों की गंज थाना प्रभारी और तहसीलदार से न्याय की गुहार

## जमीन पर अवैध कब्जे की गंज थाने में शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




गंज थाना में जमीन पर अवैध कब्जे की एक गंभीर शिकायत दर्ज की गई है, जिसमें आवेदक सुखदेव अतुलकर ने आरोप लगाया है कि किरण साहू ने जबरदस्ती उनके प्लाट पर कब्जा कर लिया है। सुखदेव ने यह भी बताया कि जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उन्हें गाली-गलौज कर मारपीट की धमकी भी दी गई। सुखदेव ने बताया कि उन्होंने 1998 में प्लाट खरीदा था, लेकिन अब किरण साहू ने उस पर अपने नाम का बोर्ड और तार फेंसिंग कर दी है। मामले की जांच और न्याय की मांग की जा रही है।

सुखदेव अतुलकर ने अपने आवेदन में उल्लेख किया कि उन्होंने वर्ष 1998 में अनिरुद्ध महेंद्र रविंद्र सनद से हमलापुर हल्का नंबर 113.53 में स्थित 1500 स्क्वायर फीट का प्लाट खरीदा था। यह प्लाट उनके नाम पर रजिस्टर्ड है और उसके पास बही और रजिस्ट्री के दस्तावेज भी मौजूद हैं। सुखदेव का कहना है कि किरण साहू ने उनके प्लाट पर जबरदस्ती अपने नाम का बोर्ड लगा दिया और तार फेंसिंग कर दी है। जब सुखदेव ने उनसे कहा कि यह उनका प्लाट है और किरण को कब्जा हटाना चाहिए, तो किरण साहू और उसके पुत्र महेश साहू ने उन्हें गाली-गलौज किया और धमकी दी कि वे यह कब्जा नहीं हटाएंगे। सुखदेव अतुलकर ने तहसीलदार से भी इस मामले में शिकायत की है और गंज थाना प्रभारी से निवेदन किया है कि उनके प्लाट से कब्जा हटवाकर उन्हें न्याय दिलाया जाए।

## शिकायतों पर की कार्रवाई

# मुलताई बीएमओ को हटाया डॉ. पंचम ने किया ज्वाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई में पदस्थ बीएमओ डॉक्टर अभिनव शुक्ला को बैतूल जिला कलेक्टर के आदेश पर जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा हटा दिया गया है। वही उनके स्थान पर बैतल के सेहरा में पदस्थ डॉ पंचम सिंह को मुलताई बीएमओ नियुक्त किया गया है। जिन्होंने गुरुवार मुलताई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जॉइनिंग भी ले ली है।

उन्होंने मुलताई पहुंचकर अस्पताल का निरीक्षण भी किया और समस्त स्टाफ एवं कर्मचारियों से चर्चा कर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता रहेगी समय की पाबंदी, मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना। वहीं जब इस संबंध में डॉ अभिनव शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें अभी इस संबंध में कोई आदेश प्राप्त नहीं हुए हैं। उनका स्वास्थ्य खराब है और वह जिला चिकित्सालय में अपना उपचार करवा रहे हैं। जबकि बैतूल जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रविकांत उईके ने बताया कि बैतूल जिला कलेक्टर को मुलताई के जनप्रतिनिधियों और आमजन द्वारा लगातार शिकायतें मिल रही थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए मुलताई बीएमओ को हटाने के निर्देश मिले थे। जिस पर डॉक्टर अभिनव शुक्ला को उनके मूल पद स्थापना पर भेज दिया गया है।

# महज 30 दिन में, गांव के 15 युवा पाएंगे 18 हजार तक वेतन

## वन विभाग की पहल रंग लेकर आई





**बैतूल**। जिले में वन विभाग ने चमत्कार ही कर दिया। विभाग की पहल ने गांव के युवाओं को 30 दिनों में ऐसे गुर सिखाए कि वे अब 18 हजार रुपये तक वेतन पाने वाली नौकरी करने लगे हैं। विभाग ने स्वयं इन युवाओं का एक कंपनी में प्लेसमेंट करवाया है। दक्षिण बैतूल (सामान्य) वनमंडल ने ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। डीएफओ विजयानन्तम टीआर के नेतृत्व में वनमंडल ने मुलताई रेंज अंतर्गत ग्राम वन समिति बिसखान के 15 युवाओं को हल्के वाहन चलाने का 30 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण के पश्चात युवाओं को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से ड्रायविंग लाइसेंस भी बनवाकर दिए गए।

### इस कंपनी में किया प्लेसमेंट

वनमंडल ने वर्धमान कंपनी, मंडीदीप से समन्वय स्थापित कर 3 जुलाई को इन 15 प्रशिक्षित युवाओं का प्लेसमेंट सुनिश्चित किया। अब इन युवाओं को कंपनी में प्रतिमाह 10 हजार से 18 हजार रुपये तक का वेतन मिलेगा। इस महत्वपूर्ण कार्य में एसडीओ मुलताई संजय साल्वे और रेंजर मुलताई नितीन पवार का विशेष योगदान रहा।

**कौशल उन्नयन का सफल आयोजन :** यह पहली बार नहीं है जब दक्षिण बैतूल (सामान्य) वनमंडल ने ग्रामीणों की आजीविका में सुधार के लिए प्रयास किए हैं। 28 फरवरी को भी वन समिति सदस्यों का कौशल उन्नयन कर उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किए गए थे।

# तालाबों में छोड़ेंगे गंबूशिया मछली, मच्छरों का लार्वा खाएंगी

## डेंगू व मलेरिया के मच्छरों को नष्ट करने का प्लान



**बैतूल**। स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू व मलेरिया का कारण बनने वाले मच्छरों के पनपने से पहले खात्मा करने का प्लॉन तैयार कर लिया है। विभाग द्वारा तालाबों में मच्छरों को लार्वे को नष्ट करने के लिए गंबूशिया मछली को तालाब में छोड़ा जाएगा। यह मछली पूरे तालाब से मच्छर से निकलने वाले लार्वे को खत्म करेगी। यह मछलियां मच्छर के लार्वे को खा जाती है, जिससे मच्छर नहीं पनपते। मच्छर कम हो जाएंगे तो मलेरिया और डेंगू बीमारी फैलने का भी खतरा नहीं रहेगा। जिला मलेरिया अधिकारी जितेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि विभाग द्वारा मलेरिया, डेंगू की बीमारी से निपटने के लिए तैयारियां कर ली है। विभाग द्वारा जिले के विभिन्न तालाबों में गंबूशिया मछलियों को छोड़ा जाएगा। जहां भी शहर और ब्लॉकों के आसपास में छोटे तालाब है और वहां बारिश में पानी थमा रहता है, ऐसे तालाबों में इन मछलियों को छोड़ा जाएगा। यह मछलियां मच्छरों के लार्वे को खाती है, जिससे तालाब में मच्छर नहीं पनपते।

### शहर के प्रमुख तालाबों में डाली जाएगी मछलियां

मलेरिया अधिकारी राजपूत ने बताया कि गम्बूशिया मछलियों को डालने के लिए शहर के तालाबों को भी चिन्हित किया है। जल्द ही विभाग द्वारा कोठीबाजार स्थित फूटा तालाब, अभिनंदन सरोवर और सदर स्थित काशी तालाब में मछलियों को डाला जाएगा।

### लोगों को किया जा रहा जागरूक

जिला मलेरिया विभाग द्वारा मलेरिया और डेंगू से बचने के लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। जागरूकता में बताया जा रहा है कि घर के आसपास बारिश के पानी को जमा न होने दे। कई लोग छतों के ऊपर खाली बर्तन और टायर रखते है, जिसमें बारिश का पानी जमा होने से मच्छरों का लार्वा पनपता है।

**इनका कहना है**

मच्छरों के लार्वे को खत्म करने के लिए तालाबों में गंबूजिया मछलियों को जल्द ही छोड़ा जाएगा। यह मछलियां मच्छरों के लार्वे को खा लेती है, जिससे मच्छर नहीं पनपते।

**जितेन्द्र सिंह राजपूत,**
जिला मलेरिया अधिकारी, बैतूल

## मांग नहीं मानने पर दी आंदोलन करने की चेतावनी

# अंशकालीन कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन वेतन बढ़ाने और स्थाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पंचायतों के अंशकालीन कर्मचारियों ने न्यूनतम वेतन और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को स्थाई कर्मी बनाने के लिए प्रदर्शन किया। उन्होंने रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्राम पंचायतों के चौकीदार, भृत्य, पंप आपरेटर, स्कूलों, छात्रावासों के अंशकालीन कर्मी, योग प्रशिक्षक, मोबिलाइजर रैली में शामिल रहे। उन्होंने मांगे न माने जाने की स्थिति में आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी है। कर्मचारियों ने उन्हें दिए जा रहे कम वेतन को बेहद न्यूनतम और इसे सरकार के लिए शर्मनाक बताया।

यह है मांगेः शिक्षा विभाग और आदिम जाति विभाग के स्कूलों, छात्रावासों सहित सभी विभागों में कार्यरत अंशकालीन, अस्थाई, ठेका, आउटसोर्स और दैनिक मजदूरी पर काम करने वाले कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन दिया जाए। चतुर्थ श्रेणी के पद पर स्थाई कर्मी बनाया जाए। आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों को भी न्यूनतम वेतन दिया जाए। ग्राम पंचायतों में कार्यरत भृत्य, चौकीदार, नल चालक, पंप आपरेटर, कंप्यूटर आपरेटर को न्यूनतम वेतन दिया जाए।

### 20 साल से नहीं हुई भर्ती

संघ के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने बताया की प्रदेश में हजारों अस्थाई कर्मचारी चतुर्थ श्रेणी के पदों पर पिछले 15-20 सालों से काम कर रहे हैं। जिन्हें 2-5 हजार रुपए मासिक वेतन ही मिलता है। दरअसल, प्रदेश में 20 साल से चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती नहीं हुई है। सभी विभागों में चतुर्थ श्रेणी के लाखों पदों रिक्त है। जिन पर अंशकालीन, अस्थाई, आउट सोर्स और ठेका कर्मचारी काम करते हैं। यह सभी कर्मचारी समाज के गरीब, मजदूर और कमजोर परिवारों से आते हैं। चतुर्थ श्रेणी की छोटी सी सरकारी नौकरी का सपना लेकर सरकारी विभागों में नौकरी करने पहुंचे लघु वेतन कर्मचारी की नौकरी में न स्थायित्व है और न ही सम्मान जनक वेतन। इन्हें सरकार का घोषित न्यूनतम वेतन तक नहीं मिलता है। जिस वजह से कार्यरत लाखों अल्प वेतनभोगी कर्मचारी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

# शीतलझिरी बांध निर्माण के विरोध में आदिवासियों ने किया प्रदर्शन

## रैली निकालकर दिया कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



हजारों की संख्या में जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे आदिवासियों ने शीतलझिरी बांध निर्माण पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। रैली के शक्ल में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे हजारों आदिवासी कलेक्टर को ज्ञापन देने की जिद पर अड़े रहे। मजबूरन कलेक्टर को उनका ज्ञापन लेने आना पड़ा।

ज्ञापन के माध्यम से आदिवासियों ने कलेक्टर को बताया कि शीतलझिरी बांध बनने से आठ गांवों के आदिवासियों की कृषि भूमि सहित देवस्थान डूब क्षेत्र में आ जाएंगे, जिससे गरीब आदिवासियों की आजीविका पर प्रभाव पड़ेगा। आपको बता दे, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शीतलझिरी बांध नही बनाने का कहा गया था, लेकिन पिछले दिनों बैतूल के मुलताई दौरे पर आए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा उक्त बांध का भूमि पूजन कर दिया गया। जिसके विरोध में आठों गांव के हजारों आदिवासी सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर हो गए हैं।

## लाठी को खेल स्पर्धा में शामिल तो किया, पर फंड देने से परहेज

# फंड की कमी से भूटान जाने से वंचित रहेंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल





यह बैतूल जिले के लिए गौरव की बात है कि हरिद्वार में आयोजित की गई राष्ट्रीय लाडी स्पर्धा में शामिल होने जिले से पहुंचे 20 में से 15 बचचो में अपने खेल का ऐसा जौहर दिखाया कि भूटान में आयोजित होने वाली साउथ एशियन स्पर्धा में 20 में से 15 बच्चे अपने बैतूल की जय हनुमान व्यायाम शाला के चयन हो गये है।

लेकिन विडम्बना यह है कि 4 से 6 अगस्त को भूटान की राजधानी चिन्यू में आयोजित होने वाली स्पर्धा में शामिल होने के लिए इन होनहार बच्चों के सामने फंड की कमी आ रही है। हालांकि इसके पूर्व हेमन्त खण्डेलवाल ने विधायक ना रहते हुए भी इन बच्चों को ऐसी स्पर्धाओं में शामिल होने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की थी, लेकिन इस बार देश के बाहर आयोजित होने वाली स्पर्धों में ये बच्चे कैसे अपने खेल का जौहर दिखा पाएंगे, यह चिंता का विषय बना हुआ है। लाठी स्पर्धा में शामिल हुए कोच विनोद बुंदेले ने बताया कि हरिद्वार में आयोजित स्पर्धा में प्रदेश के शहडोल, नर्मदापुरम, ग्वालियर, उज्जैन, आगर-मालवा, हरदा और बैतूल सहित महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, असम, तमिलनाडु व बिहार और राजस्थान से करीब 700 खिलाड़ी शामिल हुए थे।

### इन खिलाड़ियों का हुआ चयन

*भूटान की राजधानी थिम्पू में आयोजित सेकंड ट्रेडिशनल लाठी चैंपियनशिप में बैतूल के जिन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। उनमें वंशिका विनोद बुंदेले, गुंजन, श्रष्टि गावंडे, कृतिका राठौर, वंशिका माहेश्वरी, रिसिका दुबे, चेतना माथनकर, रुचि भोंडे, पीयूष उपाध्याय, पार्थ सोनी, आर्यन डोंगरे, यश सावनेर, हर्षित डेहरिया, निधि यादव, उन्नति डिगरसे आदि शामिल है।*

### समिति के सदस्य सबसे बड़ा सहारा

*कोच विनोद बुंदेले ने बताया कि इसके पूर्व भी इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा था। लेकिन समिति के सदस्यों और विधायक हेमन्त खण्डेलवाल ने बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए आर्थिकता सहायता की थी। समिति से जुड़े प्रमोद अग्रवाल, अशोक दीक्षित, बंटी राठौर, प्रेम शंकर मालवीय, पुनीत खण्डेलवाल, रमेश भाटिया, जगेंद्र तोमर, लल्ली वर्मा, नरेंद्र ठाकुर, विवेक मालवीय, राजसिंह पिंटू परिहार, हेमन्त दुबे, मिनी शर्मा, नरेंद्र शर्मा, नरेश शर्मा, राजेश तलरेजा ने खिलाड़ियों को उत्साह बढ़ाने में अपना सहयोग दिया था, बुंदेले ने सभी गण्यमान्य नागरिकों से भी अपील की है कि स्पर्धा में शामिल होने वाले जिले के इन खिलाडियों का मनोबल न टूटने दें।*


## दो पार्क में से एक की हो रही सफाई, दूसरे में लगा कचरे का अंबार

# हजारों खर्च करने के बाद कमला नेहरू पार्क की हालत खराब, गंदगी के अंबार

कहने को तो शहर के मध्य में इटारसी सरोवर स्थित कमला नेहरू पार्क बना है जिसमें सुबह-शाम आसपास सहित दूर-दूर के लोग घूमने आते हैं और बच्चे शारीरिक मेहनत सहित व्यायाम करते हैं लेकिन रखरखाव के अभाव में पार्क की ही सेहत खराब हो रही है। जगह-जगह कचरे का अंबार लगा है, साथ ही पार्क के मध्य में बने तालाब का पानी भी बदबू मारने लगा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी





शहर के मध्य में बने इटारसी सरोवर स्थित कमला नेहरू पार्क में सुविधा देने की नाम पर लोगों गुमराह किया जा रहा है। इस पार्क का संचालन ठेकेदार के द्वारा किया जाता है लेकिन पार्क की हालत देख लगता है कि वह तो हर महीने नगर पालिका से मोटी रकम लेकर सुविधा के नाम पर पार्क घूमने आने वालों से आंख-मिचौनी कर रहा है। जबकि इसी पार्क से कुछ दूरी पर बना अटल पार्क इससे बेहतर हालत में हैं और यहां सुविधाएं भी लोगों को कमला नेहरू पार्क से ज्यादा दी जा रही है। मतलब साफ है, रखरखाव के नाम पर मिलने वाली मोटी रकम को चहेतों में बांटा जा रहा है। हम इसके प्रबंधन पर इल्जाम नहीं लगा रहे हैं, बल्कि पार्क के हालात बयां कर रहे हैं।

### गंदगी का लगा अम्बार, उग आया घास

इटारसी सरोवर या कमला नेहरू पार्क में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिसमें सिंगल यूज पॉलीथिन से लेकर अन्य कचरा विगत एक महीने से अधिक समय से पड़ा है। जिसे उठाया नहीं गया है। बच्चों के खेलने के लिए बने मैदान में ऊंची-ऊंची घास उग आई हैं। जिसे भी समतल नहीं किया गया है। ऐसे में कई प्रकार के कीड़ों का खतरा पार्क में उग आए घास में बना हुआ है। वहीं बीचों बीच स्थित तालाब में भी पानी बदबू मारने लगा हैं। कुल मिलाकर पार्क कि दुर्दशा का जिम्मेदार संचालन करने वाला ही है। हालात यह है कि एक ही गार्ड और एक महिला सफाई कर्मी के भरोसे पूरे पार्क को जिम्मा है। जबकि यहां विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है और सुबह शाम आसपास के रहवासी सुकून कि तलाश में यहां पहुंचते हैं।

### वर्षों पुराना है पार्क

इटारसी के मध्य स्थित पार्क वर्षों पुराना है। वर्ष 2013 में जीर्णोद्धार हुआ था। तब से आमजनों के लिए, बेहतर बनाया गया था, लेकिन 11 वर्ष बाद ही इसके हालात बदतर हो चले हैं। गार्ड, सफाई, माली का पैसा मिलता है। सूत्र बताते हैं कि कमला नेहरू पार्क का बेहतर संचालन करने ठेकेदार को 50 हजार रुपए से अधिक रकम दी जाती है। इसके अलावा मेंटेनेंस का पैसा अलग मिलता है। बावजूद इसके पार्क के हालात खराब बने हुए हैं। नगर पालिका की ओर से इस पार्क पर ध्यान नहीं देने से ठेकेदार की मनमानी जारी है। वहीं दूसरी तरफ अटल पार्क कि सफाई नगर पालिका द्वारा करवाई जाती है।

यह पार्क कमला नेहरू पार्क से बेहतर स्थिति में है। इसका रखरखाव भी समय-समय पर किया जाता है। झूले टूटे पड़े, सुधार की दरकार पार्क में बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाए गए झूले भी टूटे पड़े है। ऐसे में कोई भी बच्चा इनसे हादसे का शिकार हो सकता है। वहीं पार्क के बीचों-बीच में फव्वारों की हालत जर्जर हो रही है। कमला नेहरू की प्रतिमा के चारों ओर बना स्ट्रक्चर भी टूट फूट रहा है। मार्केट की ओर से खुलने वाला पार्क का गेट जो लोगों को आकर्षित करने बनाया था वह भी बंद ही रहता है। इस गेट को कभी कभार खोला जाता है। वहीं गेट के सामने अतिक्रमण और गंदगी देखी जा सकती है।

### इनका कहना है

मैं संबंधित ठेकेदार को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दूंगी। जल्द ही पार्क का कचरा भी उठवा लिया जाएगा और पार्क के लिए ठेकेदार को कितनी राशि दी जाती है यह मुझे अभी ज्ञात नहीं है।

रितु मेहरा, सीएमओ नपा इटारसी

# जिला बदर का उल्लंघन करने वाले आरोपी पर हुई रासुका की कार्यवाई

## पुलिस ने उल्लंघन करने पर किया था गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



आदतन अपराधी करीम ख्वाजा पर कुछ माह पहले 1 वर्ष तक की अवधि के लिए जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा जिला बदर की कार्यवाही सुनिश्चित की गई थी। जिला बदर के 1 वर्ष के दौरान आरोपी नर्मदापुरम एवं इसके समीपस्थ जिले हरदा, रायसेन, बैतूल, छिंदवाड़ा, नरसिंह पुर सीहोर में प्रवेश नही कर सकता था लेकिन आरोपी द्वारा जिला बदर के आदेश का उल्लंघन का दोषी पाया गया। आरोपी को उसके ग्रह ग्राम सेमरी हरचंद से पुलिस ने गिरिफ्तार कर रासुका की कार्यवाही से दंडित करते हुए जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को न्यायालय जिला दंडाधिकारी नर्मदापुरम द्वारा दांडिक प्रकरण को पारित आदेश को म. प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) 5 (ख)के अंतर्गत आदेश पर आदेश पारित किया गया था कि आरोपी नर्मदा पुरम एवं उसे लगी सीमावर्ती जिले हरदा बैतूल छिंदवाड़ा नरसिंहपुर सीहोर रायसेन की राजस्व सीमाओं से 1 वर्ष की अवधि हेतु निष्कासित किया गया था जिसे नोटिस तामील कराया गया था जो की करीम उर्फ ख्वाजा के द्वारा राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा मप्र 14 का उल्लंघन करने का जुर्म करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरिफ्तारी की सूचना आरोपी के पिता गफूर खान को दी गई। आरोपी करीम ख्वाजा के विरुद्ध अपराध धारा 14 म प्र राज्य सुरक्षा अधिनियम का कायम कर विवेचना में लिया गया। एसडीओपी संजू चौहान ने बताया कि कुछ दिनों पहले ही नोटिस तामील हुआ था लेकिन उसके बाद उलंघन करने पर गिरिफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में एसडीओपी संजू चौहान, थाना प्रभारी कंचन ठाकुर सहित सेमरी हरचंद पुलिस बल की भूमिका सराहनीय रही है। थाना प्रभारी सोहागपुर एवम सेमरी हरचंद चौकी प्रभारी आकाश दीप पचाया द्वारा बताया गया कि आरोपी कैसा भी हो उसे सलाखों तक पहुंचाया जा सकता है।

थाना प्रभारी कंचन ठाकुर ने बताया कि आरोपी के ऊपर कुल 38 मुकदमे दर्ज थे जिसमे आडीबाजी, एससी एसटी एक्ट, आर्म्स एक्ट, चोरियां इत्यादि शामिल हैं।

## नए कानून को लेकर संगोष्ठी का आयोजन




इटारसी। पुलिस ऑडिटोरियम में शुक्रवार को नए कानून को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को नए कानूनों की जानकारी दी गई। संगोष्ठी में मुख्य रूप से मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा,जिला अभियोजन अधिकारी आर एस यादव,अभियोजन संघ के अध्यक्ष संतोष गुरयानी, सचिव पारस जैन, नर्मदापुरम पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रमोद पगारे, एडीपीओ मनोज जाट,टीआई गौरव बुंदेला सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# साइड शोल्डर की मुरुम से सड़क लाल, राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

स्टेट हाईवे नंबर 22 पिपरिया नर्मदा पुरम मुख्य सड़क पर साइड शोल्डर भरने का जो कम बारिश पूर्व होना था वह काम मध्य प्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा बारिश के मौसम में करवाया जा रहा है साइड शोल्डर भरने वाली मोरम सड़क के किनारे ढेर लगाकर रख दी गई है बारिश के कारण उसका रोलिंग कार्य भी नहीं हो पा रहा है मुरम सड़क के किनारे होने के कारण परिवहन कर रहे वाहनो के टायरों में चिपक कर सड़क पर फैल रही है और सड़क फिसलन भरी होने से वाहन फिसल रहे है समझ में यह नहीं आ रहा है कि यह मोरम है या मिट्टी और साइड शोल्डर भरने के लिए मिट्टी बारिश में ही क्यों डलवाई जा रही है यह समझ से परे है।

# कृषि उपज मंडी में तुलावटियों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



कृषि उपज मंडी में क्रय-विक्रय की ऑन लाइन व्यवस्था होने के बाद आ रही कुछ परेशानियों को देखते हुए शुक्रवार को मंडी सभागार में तुलावटियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस व्यवस्था में कुछ खामियों के चलते किसानों और व्यापारियों को क्रय-विक्रय के बाद भुगतान में परेशानी आ रही थी। मंडी के भारसाधक अधिकारी एवं एसडीएम टी प्रतीक राव के निर्देश पर आज मंडी सभागार में तुलावटियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रभारी सचिव केसी बामलिया सहित मंडी का अन्य स्टाफ एवं तुलावटी सदस्य इस प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित रहे। दरअसल, अनाज खरीद के तत्काल बाद अनाज की तौल को ऑन लाइन दर्ज करना होता है। लेकिन, तुलावटी दिनभर तौल के बाद शाम को एकसाथ ऑनलाइन दर्ज कर रहे थे। इसके कारण किसानों और व्यापारियों को भुगतान में परेशानी हो रही थी। जैसे ही अनाज बिक्री के बाद तौल खत्म होता था तो किसान भुगतान लेने व्यापारी के कार्यालय पहुंच जाता था। वहां ऑनलाइन नहीं होने से कुछ भी शो नहीं होने पर व्यापारी भुगतान नहीं करते थे। किसान को इसके लिए उपज बेचने के बाद शाम तक रुकना पड़ता था।

यह दिये हैं निर्देश ई-मंडी योजना के अंतर्गत तत्काल भुगतान हो इसके लिए तुलावटियों को कार्यशाला के दौरान स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जैसे ही तौल हो जाए, इसे तत्काल ऑनलाइन दर्ज किया जाए ताकि वह व्यापारी को ऑनलाइन दिखाई दे और वह किसान को भुगतान कर सके। इससे उपज बिक्री के बाद किसान को भी भुगतान मिल जाएगा और वह समय से अपने घर पहुंच जाएगा।

इस संबंध में प्रभारी सचिव बेसी बामलिया का कहना है कि ई-मंडी योजना के अंतर्गत भार साधक अधिकारी के निर्देश पर तुलावटियों को आज तौल को तत्काल ऑनलाइन दर्ज करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया है जिससे किसान और व्यापारियों को आ रही परेशानियों से निजात मिलेगी।

# गोशाला में महाराज के साथ शिष्यों ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी

बनखेड़ी के उमरधा-समनापुर में संतगोपाल दास त्यागी बालक दास महाराज के साथ शिष्यों ने गौशाला प्रांगण में पौधारोपण किया, इस अवसर पर महाराज ने कहा कि हम सभी को अपने-अपने स्तर पर अधिक से अधिक पौधरोपण करके उन्हें बड़ा करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, गोशाला में पौधरोपण के अवसर पर सतपाल पलिया, महेंद्र प्रताप सिंह जूदेव, यशपाल राजपूत, रामेश्वर स्वामी, कमलेश पटेल, के के रावत, मुकेश चौधरी, शुभम ठाकुर, नीलेश पटेल, हर्षित रावत, राहुल पराशर, राहुल पटेल, डब्लू पटेल, मदन पटेल एवं आश्रम से जुड़े समस्त भक्त जन उपस्थित रहे।

# मूंग खरीदी में किसानों को परेशान नहीं होना चाहिए : नवनीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



मध्य प्रदेश शासन के द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश 1 जुलाई से दिए थे लेकिन खरीदी केन्द्रों पर प्रबंध को के द्वारा पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण कुछ खरीदी केंद्रों पर 4 जुलाई से खरीदी प्रारंभ की गई। जिसमें 5 जुलाई को सेल्वाड़ा की जनपद सदस्य एवं उनके साथ ही किसानों के द्वारा अधिकारी संतोष तिवारी को ज्ञापन सोपा गया था। इस बात को संज्ञान में लेते हुए विधानसभा प्रभारी नवनीत सिंह नागपाल के द्वारा देवगांव सेवा सहकारी समिति के द्वारा इशिता वेयरहाउस राय खेड़ी रोड पर तथा कुम्भावड रोड पर दो केदो में खरीदी की जा रही है। विधानसभा प्रभारी के द्वारा खरीदी का निरीक्षण किया गया शासन के निर्देशानुसार नॉन एफ ए क्यू मूंग खरीदी के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन चर्चा में है कि व्यापारियों के द्वारा मुंग बिक्री को लेकर पूर्व से ही मूंग का कचरा एवं मिट्टी युक्त मुंगमें मिलने वाला खराब दाना 5000 कुंतल के मन से खरीद लिया गया है जो अब मुंगमें मिलाकर समर्थन मूल्य पर बेचा जावेगा। इसलिए निरीक्षण किया गया।

# एक पौधा मां के नाम के अंतर्गत किया पौधारोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मप्रधानमंत्री के आव्हान पर एक पौधा मां के नाम के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखननगर के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गूजरवाड़ा तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मानागांव द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराजसिंह यादव सेक्टर प्रभारी सुरेश यादव सचिव मनोज कुमार परसाई (अधिवक्ता परिषद माखननगर सदस्य) प्रदीप यादव, किशोर कहार, पूनम यादव, दुर्गेश कहार, आकाश यादव समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में हुआ पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिल चौधरी तथा सभी सुपरवाइजर एवं सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिका के द्वारा अपने-अपने आंगनबाड़ी केदो पर पौधरोपण किए जारहे हैं।

चौधरी ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बीवी गिरी वार्ड की आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक एक में वृक्षारोपण किया गया जिसमें बच्चों की माता से आम एवं वाला के पौधे लगवाए गए तथा वायु दूध ऐप पर फोटो शेयर की गई कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक अनीता टेकाम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिका रेखा ठाकुर एवं वार्ड की अनेक महिलाएं छात्र-छात्रा आंगनबाड़ी केंद्र के उपस्थित रहे। इसी तरह से ग्राम पंचायत विजन वाडा की आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 4 रामनगर कॉलोनी में भी वृक्षारोपण किया गया इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रूची पटेल सहायक खुशबू दुबे सुपर लार्जर चंद्र कला बोरसे शहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## एनएसएस के विद्यार्थियों एवं कालेज स्टाफ ने की सफाई

# एमजीएम कालेज में युवाओं ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




शासकीय एमजीएम महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान कर महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की जिसमें लगभग डेढ़ सौ से अधिक राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक शामिल हुए। इस दौरान महाविद्यालय परिसर को साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाने की शपथ ली। साथ ही निरंतर प्रतिमाह अभियान चलाते रहेंगे, जिससे महाविद्यालय साफ सुथरा स्वच्छ बना रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने विद्यार्थियों से सफाई अभियान की महत्वता एवं बारिश के मौसम में महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण एवं महाविद्यालय परिसर को जिले के महाविद्यालय में एक आदर्श स्थापित करने की बात कही। जिससे इस महाविद्यालय से प्रेरणा लेकर दूसरे महाविद्यालय भी इस प्रकार की गतिविधियों का संचालन कर सके। अभियान के माध्यम से जन जागरूकता, श्रम की महत्वता की बात कही। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अरविंद शर्मा, डॉक्टर ओपी शर्मा, डॉ रश्मि तिवारी, डॉ कुजूर ,डॉ मनीष कुमार चौरे, डॉ दिनेश कुमार श्री संजीव कैथवास, डॉ आशुतोष मालवीय ,राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष कुमार अहिरवार ने भी श्रमदान कर बृहद अभियान चलाया।महाविद्यालय में किया श्रमदान।

### मूंग की खरीदी प्रारंभ किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**पिपरिया।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सांडिया की कृषक सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक महेंद्र पटेल एवं उनके सहयोगियों के द्वारा मूंग की खरीदी समर्थन मूल्य पर प्रारंभ कर दी है। 4 जुलाई को खरीदी प्रारंभ की गई सुबह से ही देखा गया की खरीदी केंद्र पर सहलवाडा सिवनी सुरेलाकिशोर तमाम गांव के किसानों की ट्रैक्टरों की लंबी लाइन लगी हुई थी। लेकिन केंद्र पर धागा छाप टैग आदि न होने के कारण खरीदी में विलंब हुआ बारदाना पहुंच चुका था इसी दौरान किसानों की लाइन लगी हुई थी जिम सेल्वाड़ा की जनपद सदस्य रणजीत सिंह राजपूत के द्वारा अपने साथियों के साथ तहसील कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सोपा जिसमें बताया गया है कि समय सीमा पर मुग तुलाई न होने से किसानों को असुविधा हो रही है।

# ग्राम पंचायत की बैठक में दुकानदारों की समस्याओं का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद



पीपल चौक से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली निर्माणाधीन सड़क के निर्माण से अब छोटे दुकानदार परेशान हो रहे हैं बरसों पूर्व ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद द्वारा सड़क के किनारे 6×6 की दुकान एवं टीन शेड जिसमें छोटा-मोटा व्यवसाय जैसे पान चाय की दुकान साइकिल के पंचर सुधारने वाले कपड़े सिलाई करनेवाले दर्जी एवं दैनिक उपयोग में आने वाली जरूरत के सामान बेचने वाले छोटे दुकानदारों को लागत मूल्य पर मुहैया कराई गई थी सड़क निर्माण के दौरान छोटे दुकानदारों की वैकल्पिक व्यवस्था किए बगैर उनकी दुकानों के सामने के टीन शेड उखड़वा लिए गए हैं जिससे इन छोटे दुकानदारों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है दुकानदारो से बात करने पर उन्होंने बताया कि यही हमारी रोजी-रोटी है टीन शेड उखड़ने से हमारा काम धंधा चौपट हो रहा है हमने ग्राम पंचायत में लगभग दो माहपूर्व ही इस संबंध में ग्राम पंचायत को आवेदन देकर सूचित किया था परंतु समस्या का समाधान नहीं हुआ सचिव नागेंद्र सराठे से बात करने पर उन्होंने बताया कि एक-दो दिन में ग्राम पंचायत की बैठक बुलाकर छोटे दुकानदारों की समस्या का निदान किया जावेगा।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में 2 युवक घायल हुए

**हरदा।** गुरुवार रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास पुलिस लाइन के आगे सड़क पर मवेशी आने से एक बाइक असंतुलन बिगड़ने से फिसल गई। जिसमें बाइक पर सवार दो दोस्त घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दूध डेयरी क्षेत्र का रहने वाला आर्यन(22) और उसका दोस्त मुकुल (32) बुलेट से हंडिया में नर्मदा स्नान के लिए निकले थे। इस दौरान पुलिस लाइन से कुछ आगे जाने पर अचानक उनकी बाइक के सामने मवेशी आ गया, जिससे बाइक स्लीप होकर गिर गई। हादसे में आर्यन को गम्भीर चोट आई है। जिसे जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद भोपाल रेफर किया गया है, जबकि दूसरे साथी मुकुल को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

### छात्रावासों के निरीक्षण के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग व पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों व आश्रमों के सुव्यवस्थित संचालन एवं प्रवेशित विद्यार्थियों को छात्रावास सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने को ध्यान में रखते हुए छात्रावासों का सघन निरीक्षण करने के लिए जिले के 54 अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि अधिकारी सौंपे छात्रावासों व आश्रम शालाओं का निरीक्षण कर प्रत्येक माह की 15 तारीख तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

### कांग्रेस नेता ने लगाया वादे से सरकार के मुकरने का आरोप

**हरदा।** प्रदेश सरकार पर अवैध कॉलोनियों के साथ धोखा करने का आरोप राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने लगाया है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत टाले ने कहा कि सत्ता में आने के बाद भाजपा सरकार अपने वादे से मुकर रही है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2021 में प्रदेश की सभी अवैध कॉलोनियों को वैध करने की घोषणा की गई थी। जिसके चलते अवैध कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को नरकीय जीवन जीने से मुक्ति मिलने की उम्मीद जागी थी। इसके बाद विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं ने अवैध कॉलोनियों को वैध करने की बात कही थी। यहां के रहवासियों को लगता था कि कभी तो उनके दिन बदलेंगे। लेकिन प्रदेश की सरकार में लोगों की आशाओं पर अब पूर्ण विराम लगा दिया है। किसी भी अवैध कॉलोनी को अब वैध नहीं किया जाएगा। सरकार की इस घोषणा ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि भाजपा की सरकार मध्यम एवं गरीब वर्ग की नहीं बल्कि अमीरों की सरकार है। अवैध कॉलोनियों में रहने वाले वर्षों से मूलभूत सुविधाओं को पाने के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार फंड की कमी बताकर अपनी घोषणाओं से मुकर रही है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर जल्द ही राजीव गांधी पंचायती राज संगठन आवाज उठाएगा।

### बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर शाखा प्रबंधक निलंबित

# कलेक्टर ने मूंग उपार्जन से जुड़े वेयर हाउसों का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने शुक्रवार को जिले के ग्राम सक्तापुर, सुल्तानपुर, खेड़ा, गांगला के वेयर हाउसों का निरीक्षण कर मूंग उपार्जन के लिए की गई व्यवस्थाएं देखी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वेयरहाउसों में विद्युत प्रदाय व्यवस्था नियमित रूप से करने के निर्देश विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों को दिये।

उन्होंने इस दौरान उपार्जन केन्द्रों पर तौल कांटों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान कलेक्टर ने किसानों से चर्चा कर उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। ग्राम गांगला में अधिरा वेयर हाउस के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एरोज सीड्स बायोटेक फार्मा प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड हरदा के संस्था प्रमुख को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। ग्राम खेड़ा के वेयर हाउस के निरीक्षण के दौरान उन्होने बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर शाखा प्रबन्धक नंदकिशोर बेदी को निलंबित करने के निर्देश दिये।

### मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

मूंग उपार्जन केन्द्रो पर मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण के लिए पटवारी, सचिव एवं कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उपार्जन केन्द्र पर प्रतिदिन पटवारी, सचिव एवं कृषि विस्तार अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। इस कन्ट्रोल रूम में सहायक संचालक कृषि, रामकृष्ण मंडलोई तथा भूमि संरक्षण सर्वे अधिकारी, गोविन्द प्रसाद सोनी एवं तकनीकी सहायक, तुलसीराम बरबडे की ड्यूटी लगाई गई है। कंट्रोल रूम में तैनात ये अधिकारी कर्मचारी दूरभाष पर प्रतिदिन चर्चा कर जानकारी लेगें कि पटवारी, पंचायत सचिव और कृषि विस्तार अधिकारी नियमित रूप से उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे हैं कि नहीं।

### सरकार की सद्बुद्धि के लिए भाकिसं ने किया हवन

#### मूंग को लेकर धरने पर बैठा भारतीय किसान संघ



*हरदा। जिला मुख्यालय की कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को अनिश्चितकालीन धरने के दूसरे दिन भारतीय किसान संघ ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए हवन किया। वहीं सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी तीनों मांगों को पूरा करने का आग्रह किया है। खरीफ सीजन की बोवनी छोड़कर किसान ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने की मात्रा बढ़ाने को लेकर धरने पर बैठने को मजबूर हैं। धरने के दूसरे दिन हरदा तहसील के अंतर्गत आने वाले गांवों के किसानों ने धरना दिया है। भारतीय किसान संघ के जिला प्रवक्ता राजनारायण गौर ने कहा कि जिले के सभी किसानों की तीन प्रमुख मांगे हैं, जिसमें पहली मांग मूंग खरीदी के दौरान खरीदी की मात्रा 8 से 16 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की जाए। दूसरी खरीदी के दौरान किसानों से एक दिन में 25 के बजाए 40 क्विंटल की खरीदी की जाए और तीसरी वेयर हाउस पर फसल की तुलाई बड़े प्लेट कांटे से की जाए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार किसानों की तीनों जायज मांगों को नहीं मानती तो किसान सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरने को मजबूर हो जाएगा। कार्यक्रम में देवास जिले से राहुल जाट द्वारा ट्रैक्टर लेकर महिला शक्ति को लेकर आंदोलन में आए और समर्थन दिया। साथ ही प्रांतीय सदस्य नरेंद्र दोगने, जिला उपाध्यक्ष विनोद पाटिल ने संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को प्रतिवर्ष अपनी मांगों को लेकर आंदोलन क्यों करना पड़ता है। भाकिसं के प्रवक्ता गौर ने बताया कि धरने के दूसरे दिन हरदा तहसील के अंतर्गत आने वाले किसान धरने में शामिल हुए हैं। इसके बाद टिमरनी, रहटगांव, खिरकिया, हंडिया,सिराली तहसीलों के किसानों के द्वारा धरना देकर अपनी मांगों को पूरा करने के लिए प्रदर्शन किया जाएगा।*

### नेपानगर नावरा के जंगल में ड्रोन से रखी नजर

## सीसीएफ खंडवा ने 120 अफसर, कर्मचारियों की टीम के साथ की कॉम्बिंग गश्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

दो साल पहले नेपानगर, नावरा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जंगल काटा गया था। समय समय पर इसकी निगरानी ड्रोन से हो रही है। अफसर भी कॉम्बिंग गश्त कर नजर रख रहे हैं। इसके तहत शुक्रवार को 120 वन अफसर, कर्मचारियों के साथ खंडवा सीसीएफ ने कॉम्बिंग गश्त की। ड्रोन से फोटो, वीडियोग्राफी की गई।

शुक्रवार दोपहर 2 बजे सीसीएफ खंडवा रमेश गणावा ने नेपानगर और नवरा क्षेत्र में वन मंडल बुरहानपुर के वन हमले के साथ कॉम्बिंग गश्त की। गौरतलब है कि बुरहानपुर वन मंडल के नेपानगर और नावरा वन क्षेत्र में दो साल पहले अतिक्रमणकारियों ने हजारों की संख्या में पेड़ों की कटाई कर जंगल को नुकसान पहुंचाया था। राजस्व, पुलिस और वन हमले ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर अतिक्रमणकारियों को क्षेत्र से खदेड़ दिया था। मानसून सत्र में अतिक्रमणकारियों के सक्रिय होने की संभावना को देखते हुए बुरहानपुर वन मंडल के 120 से अधिक अफसर, कर्मचारियों ने शामिल होकर सामूहिक पैदल गश्त किया। ड्रोन से फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी की गई।

### यह रहे मौजूद

कॉम्बिग गश्त में मुख्य वन संरक्षक रमेश गणावा, प्रभारी वन मंडल अधिकारी राकेश डामोर, उपवन मंडल अधिकारी नेपानगर मान सिंह खराड़ी, उपवन मंडल अधिकारी बुरहानपुर अजय सागर, परिक्षेत्र अधिकारी लक्षा सोलंकी, सचिन सिंह, संजय मालवीय, तरुण अनिया, विक्रम सुलिया, पुष्पेंद्र जादौन सहित वन अमला मौजूद था। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक खंडवा ने स्टाफ को वन क्षेत्र में सतत पैदल गस्ती करने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के वनों में घुसने पर तत्काल सूचना देने के लिए कहा।

### आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया था केस

## देसी कट्टे बनाकर बेचने वाले आरोपी को 10 साल की सजा

**बुरहानपुर।** शहर के एक चर्चित अवैध हथियार बनाने और बेचने के मामले में कोर्ट ने एक आरोपी को अलग-अलग धाराओं में 10 साल की सजा सुनाई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। विशेष लोक अभियोजक, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुनील कुरील ने बताया आरोपी विनोद पिता बरारसिंग को धरा 25-1 ए, ए आर्म्स एक्ट में 10 साल की सजा 5 हजार रूपए अर्थदंड और धारा 25-1 बी आर्म्स एक्ट में 2 साल 1 हजार रूपए जुर्माने से दंडित किया गया है। यह काफी चर्चित और चिन्हित केस था।

### यह है पूरा मामला

15 जून 2021 को रात करीब 10 बजे खकनार थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक सखाराम पगारे को सूचना मिली थी। जिसके बाद उन्होंने आरोपी विनोद पिता बरारसिंग को माता नदी के पास ग्राम पाचौरी में एक बाइक एमपी 68 एमसी 3626 की सीट के नीचे 3 देसी पिस्टल ले जाते पकड़ा था। पूछताछ में आरोपी ने बताया था कि वह पाचौरी के जंगल में अवैध पिस्टल बनाता है। उसके कब्जे से लोहे का पंखा, आरी, कानस, बड़ा सुंबा, छोटा सुंबा, एक बरमा जब्त किया था। खकनार थाने में केस दर्ज किया था। पुलिस ने न्यायालय में अभियोग पत्र दाखिल किया। शुक्रवार को आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई।

## जन्म व मृत्यु पंजीयन के संबंध में प्रशिक्षण संपन्न




**हरदा।** जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय हरदा द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीयन के संबंध में शुक्रवार को जिला पंचायत हरदा के ई दक्ष केन्द्र में जन्म मृत्यु पंजीकरण संशोधित अधिनियम 2023 एवं सीआरएस रिवेम्पड पोर्टल के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला योजना अधिकारी रजनी वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में जनगणना कार्य निर्देशालय मप्र भोपाल से सहायक निदेशक एन्सी रेजी व सांख्यिकी अन्वेषक आयुषी यादव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में नवीन पोर्टल के उपयोग के दौरान आ रही समस्याओं के निराकरण के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान सहायक सांख्यिकी अधिकारी, सभी नगरीय इकाईयों के रजिस्ट्रार सीएमओ सभी शासकीय अस्पतालों के रजिस्ट्रार के साथ शाखा प्रभारी, कम्प्यूटर आपरेटर एवं निजी चिकित्सालयो के प्रभारी उपस्थित थे।

## सांसद पाटिल ने अभिभूत होकर कहा कार्यकर्ता ही मेरी शक्ति हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

सांसद पाटिल ने अभिभूत होकर कहा कार्यकर्ता ही मेरी शक्ति हैं और मैं विधायक के रूप में भी सदैव आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करूंगा। आपके परिश्रम से ही मुझे लोकसभा पहुंचाने की सभी की मंशा पूरी हई है। यह बात उन्होंने मंडल अध्यक्ष ममराज पवार (झिरन्या) और बिहारीलाल मोरे (चिरिया) के नेतृत्व में स्वागत के दौरान कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें प्रधानमंत्री मोदी का सपना सबका साथ और सब का विकास को पूरा करना है। दोनों मंडल अध्यक्षों ने कहा कि यह आदिवासी बहुल क्षेत्र है और रोजगार नहीं मिलने से आदिवासी समुदाय सहित अन्य वर्ग के लोग भी काम की तलाश में पलायन करते हैं। इसलिए यहां आधिकाधिक उद्योग स्थापित करना चाहिए, जिससे कि सभी को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके। सांसद पाटिल ने कहा कि में यहां की जमीनी हकीकत से वाकिफ और यहां बहुत कुछ कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर दोनों मंडल के भाजपा पदाधिकारी




और कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। इनमें अबरसिंह पटेल, राणा अलावे, शेरसिंह खरते,सुंदरलाल बारसे, सुभाष चौहान,सुनील चौहान, कांति पटेल, ओमप्रकाश खेड़े, विशवास गोसर, पदम पवार, अशीष राठौड़, लोकेन्द्रसिंह सुराणा, फजीत भास्कारे, राधेश्याम पंवार, गोलू दुबे, रामा पंवार,शैलेंद्रसिंह उपस्थित थेसुनील चौहान, कांति पटेल, ओमप्रकाश खेड़े, विशवास गोसर, पदम पवार, अशीष राठौड़, लोकेन्द्रसिंह सुराणा, फजीत भस्कारे, राधेश्याम पंवार, गोलू दुबे, रामा पंवार, शैलेंद्रसिंह उपस्थित थे।

## भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा स्थानीय श्री जगन्नाथ मंदिर, नरसिंह वार्ड से रविवार को बहुत धूमधाम से निकाली जाएगी। रथयात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए जगन्नाथ मंदिर, नरसिंह वार्ड में रथयात्रा समिति की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें रथयात्रा महोत्सव को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए रथयात्रा समिति ने विभिन्न व्यस्थाओं पर विचार किया एवं निर्णय लेकर समिति के सदस्यों को प्रभार सौंपे गए।

रथ यात्रा मंदिर से निकलकर घंटाघर चौराहा, चांडक चौराहा, टांक चौराहा जैसानी चौक गढीपूरा और नारमदेव धर्मशाला होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। तत्पश्चात भगवान की संगीतमय आरती होगी और प्रसाद वितरण



किया जाएगा। बैठक में पंडित अनमोल दुबे, पंडित पियुष उपाध्याय, देवीसिंह सांखला, जयकृष्ण चांडक, पार्षद प्रदीप सोनी, सुयोग सोनी, कन्हैयालाल कुशवाह, संजय तापड़यि, उमेश तापडिया, सचिन उपाध्याय, गणेश चंद्रवंशी और समिति के अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे।

### सरकारी स्कूलों में जाकर बताएंगे कक्षा 12वीं के बाद किस फील्ड में जाएं विद्यार्थी

## शहर के इंजीनियर करेंगे विद्यार्थियों का गाइडेंस...

**बुरहानपुर।** कंसल्टिंग इंजीनियर एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि वह सरकारी स्कूलों में पहुंचकर करियर गाइडेंस करेंगे। कक्षा 12वीं के बाद विद्यार्थी किस फील्ड में जाएं यह बताया जाएगा। संस्था पब्लिक अवेयरनेस के काम करेगी। इसकी प्लानिंग तैयार की गई है। साथ ही संस्था की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया है।

कंसल्टिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद गढ़वाल ने बताया कंसल्टिंग इंजीनियर एसोसिएशन पब्लिक अवेयरनेस के लिए प्लानिंग कर रही है। बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन में वाटर हार्वेस्टिंग के लिए जागरूक करने के साथ ही करियर गाइडेंस भी करेंगे। विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस हर सरकारी हायर सेकंडरी में किया जाएगा। कक्षा 12वीं के बाद किस फील्ड में जाना है यह गाइडेंस करेंगे। उन्होने कहा आज का युवा केवल आईआईटी करना चाहता है। डॉक्टर सीए बनने का सोचता है, लेकिन इसके अलावा भी बहुत सी फील्ड है उसके लिए हम गाइडेंस करेंगे कि किस फील्ड में जाने के चांसेस अधिक हैं। जैसे युवा कम्प्यूटर, नेशनल डिफेंस अकादमी के क्षेत्र में भी जा सकते है। बाहर से करियर गाइडेंस के लिए वक्ताओं को बुलाया जाएगा। अलग अलग स्कूलों में पहुंचकर गाइडेंस किया जाएगा।

### 5 लोगों ने मिलकर किया था संस्था का गठन

अध्यक्ष प्रमोद गढ़वाल ने बताया संस्था की स्थापना 1985 में पांच इंजीनियर ने मिलकर की थी। इसमें सुनील पारीख, राकेश पटेल, संजय पालीवाल, किशोर शाह, प्रमोद गढ़वाल शामिल थे। अब इस संस्था में 43 सदस्य है। हम जनहित, जागरूकता के क्षेत्र में काम करते हैं। नए इंजीनियरों की भी समस्याओं को हल किया जाता है। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष प्रमोद गढ़वाल, उपाध्यक्ष संदीप पटेल, सचिव प्रफुल्ल कुमार, सह सचिव अतुल बैस, कोषाध्यक्ष नितिन बरडिया, सह कोषाध्यक्ष धीरज पवार, पीआरओ सचिन बिरला शामिल हैं।

## गुप्त नवरात्रि : त्रिपुष्कर योग में होगी मां दशमहाविद्या की आराधना : मार्कण्डेय

**खंडवा।** शक्ति साधना का सबसे महत्वपूर्ण पर्व गुप्त नवरात्रि, कई शुभ योग। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमीं तिथि तक गुप्त नवरात्रि का महा पर्व मनाया जाता है। इस बार गुप्त नवरात्रि का आरंभ 6 जुलाई से होगा, भड़ली नवमी 15 जुलाई को इसका समापन होगा। मां शीतला संस्कृत पाठशाला के आचार्य अंकित मार्कण्डेय ने बताया कि इस बार गुप्त नवरात्रि में कई शुभ योगों का संयोग बन रहा है। 6 जुलाई को त्रिपुष्कर महायोग 7 जुलाई को रवि पुष्य नक्षत्र, 8-9 जुलाई सर्वार्थ सिद्धियोग रहेगा।

आपको बतादें की इस बार नवरात्रि 9 नही बल्कि 10 दिनो की होगी । 10 महाविद्या हर संकट से तुरंत उबारती हैं इनका पाठ अनुष्ठान करने से सारे कष्ट दूर होते है । जिस प्रकार नवरात्रि में देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। ठीक उसी तरह गुप्त नवरात्रि में 10 महाविद्याओं की



साधना की जाती है। जिससे साधक को भगवती की विशेष कृपा प्राप्त होती है। मार्कण्डेय ने बताया कि गुप्त नवरात्रि साधक के लिए मंत्र ,तंत्र, सिद्धि ,साधना के लिए विशेष उत्साहित पूर्ण फल देने वाला पर्व होता है। गुप्त नवरात्रि में पूजा का फल जल्दी और दोगुना मिलता है। इन दिनों में मां जल्दी प्रसन्न होती हैं और भक्तों को मनवांछित फल देती हैं। क्या करे गुप्त नवरात्रि में, विशेष पूजा में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा दशमहाविद्याओ की साधना, नवचंडी, शतचंडी, सहस्त्रचंडी के पाठ, अनुष्ठान, शिव शक्ति अनुष्ठान अपने घर पर पूरे परिवार के लिए किए जाते है, जिससे जीवन में आई सारी परेशानिया मां भगवती दूर कर देती है। और रुके हुए कार्य भी पूर्ण हो जाते है।

**घट, ज्योत स्थापना मुहूर्त**

दो. अभिजीत 12.5 से 12.59
शुभ 7.28 से 9.9
चर 12.32 से 2.13 तक
लाभ 2.13 से 3.54 तक
अमृत 3.54 से 5.36 तक

### खंडवा में प्रदेश स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

## इंदौर की टीम ने नीमच को 4-0 से हराकर फाइनल जीता

**खंडवा।** मप्र फुटबॉल संघ के मार्गदर्शन एवं जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित अंडर-17 राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन गुरु गोविंद सिंह स्टेडियम पर संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला इंदौर और नीमच की टीम के बीच हुआ, जिसमें इंदौर की टीम ने नीमच को 4 गोलों से पराजित किया।

इंदौर टीम के कोच धीरज चौहान और मैनेजर शशि के मार्गदर्शन में खिलाड़ी कनिष्क, अनिकेत, वरद, और जोहनमेथु ने एक-एक गोल किया। फाइनल एवं समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंडवा महापौर अमृता अमर यादव शामिल हुईं। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा द्वारा की गई। स्टेडियम मैदान पर मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ एवं फुटबॉल संगठन खंडवा के संयुक्त तत्वावधान में प्रेसिडेंट कप राज्य पश्चिम क्षेत्र स्तरीय अंडर 17 फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। विजेता इंदौर टीम एवं उपविजेता नीमच टीम को उपस्थित सभी अतिथियों ने बधाई एवं शुभकामना दी।



समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि हमारे नगर के लिए हर्ष का विषय है कि राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के निर्देश पर जिला फुटबाल संघ द्वारा खंडवा में आयोजित हुआ। जिसमें प्रदेश की 10 जिलों की टीमों ने भाग लेकर अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। मैच में एक टीम हारती है और दूसरी जीतती है, लेकिन हारी हुई टीम यह न समझे कि हमारा खेल से अंत हो गया। यदि हम अपनी कमियों को देखते हुए अच्छा खेल का प्रदर्शन करेंगे, तो सफलता हमें प्राप्त होगी। मैं विजेता और उपविजेता दोनों टीमों को शहरवासियों की ओर से बधाई एवं शुभकामना देती हूं।

पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा ने कहा कि फुटबॉल स्वास्थ्य की दृष्टि से विश्व का एक अच्छा खेल है और फुटबॉल में भी हमारे अच्छे खिलाड़ी हैं। यदि इन्हें अच्छा मंच प्रदान किया जाए, तो ये खिलाड़ी देश के लिए एक अच्छी टीम का निर्माण कर सकते हैं। एक समय था जब फुटबॉल में हमने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति प्राप्त की थी। जिला अध्यक्ष सेवा दास पटेल ने भी इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएँ खिलाड़ियों को प्रदान कीं। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने भी आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए आयोजकों के साथ सभी खिलाड़ियों को शुभकामना प्रेषित कीं। सभी अतिथियों का स्वागत जिला फुटबाल संघ के सचिव एवं प्रतियोगिता संयोजक राहुल मेहता, सूरज रायकवार, और कृष्णा बंसल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजू पवार ने किया एवं आभार राहुल मेहता और प्रणय गुप्ता ने व्यक्त किया। फाइनल मुकाबला एवं समापन समारोह में महापौर अमृता अमर यादव, जिलाध्यक्ष सेवा दास पटेल, पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा, परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, पूर्व विधायक बड़वाह हितेंद्र सिंह सोलंकी, महेंद्र सावनेर, सुभाष कोठारी, संतोष राठौर, कैलाश पाटीदार, प्रमोद पुरी, प्रवक्ता सुनील जैन आदि खेल प्रेमी उपस्थित थे।